**Nai Dunia (Indore ed.), 26th April 2013, Page-2**

# दीक्षांत समारोह में नहीं आना हो तो महीनेभर पहले लें मंजूरी

इंदौर। आठ जून को होने वाले आईआईटी के पहले दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारियों का दौर शुरू हो गया है। इस बीच संस्थान ने समारोह को लेकर छात्रों के लिए गाइडलाइन जारी कर दी है। हिदायत दी गई है कि किसी भी छात्र को दीक्षांत समारोह से अनुपस्थित रहने की अनुमति नहीं है।

आईआईटी ने दीक्षांत समारोह के लिए जारी नोटिस में विद्यार्थियों को निर्देशित किया है कि सभी 8 जून के समारोह में उपस्थित रहें। जो विद्यार्थी समारोह में आने में सक्षम नहीं है उन्हें एक महीने पहले ही इसके लिए आवेदन करना होगा। छात्रों को निर्देशित किया गया है कि समारोह में उपस्थित नहीं रहने वाले छात्र 3 मई तक अकादमिक ऑफिस में अपनी अनुपस्थिति का आवेदन दें। आवेदन के साथ कारण भी बताएं। यदि कारण उचित पाया गया तो ही उन्हें समारोह से दूर रहने की अनुमति दी जाएगी और अनुपस्थिति में उनकी डिग्री कन्फर्म हो सकेगी। -नप्र

## आठ वर्ष से छोटे बच्चों को ना लाएं

दीक्षांत समारोह के लिए गाइड लाइन जारी करते हुए विद्यार्थियों के साथ उनके अभिभावकों को भी हिदायत दी गई है। दरअसल इस खास मौके पर विद्यार्थियों के परिजन भी आएंगे। आईआईटी की ओर से निर्देश दिया गया है कि समारोह में 8 वर्ष तक के बच्चों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। साथ ही उन्हीं अभिभावकों को भी समारोह में प्रवेश नहीं मिलेगा जो पहचान पत्र नहीं लाएंगे।